हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 28 मार्च 2026

06 मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबे श्रद्धालु ...



07 भगवान श्रीराम के जन्म महोत्सव पर गाजे-बाजे...





## खबर संक्षेप

### भूकंप आपदा से निपटने का प्रशिक्षणः युवाओं को सिखाए गए बचाव के गुर

**विदिशा।** आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने एसएटीआई के स्मार्ट क्लास कक्ष में एक दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी, क्षमतावर्धन एवं जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं एसडीईआरएफ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र एवं स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्यों में सहयोग की क्षमता विकसित होती है। प्रशिक्षण में प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे एवं एसडीईआरएफ जवानों ने भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव तकनीकों की जानकारी दी। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### शीतलनाथ शाखा विदिशा का होली मिलन व वार्षिक बैठक संपन्न

**विदिशा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद शीतल नाथ शाखा द्वारा होली मिलन समारोह हुआ। समारोह की शुरुआत मंगलाचरण से हुई उसके बाद संगीतमय भक्ताम्बर जी का पाठ व भजन हुए। नीलमणि जैन प्रांतीय प्रभारी, रानू जैन लश्करी अध्यक्ष, रेशू जैन दरबार सचिव, और सपना जैन कोषाध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रारंभ की। नवीन सदस्यों का परिषद से जोड़ा गया एवं परिषद का कार्य समझाया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंत मे आभार सुप्रिया जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

### सैटेलाइट मॉनिटरिंग से नरवाई जलाने का एक भी मामला नहीं

**विदिशा।** फसल अवशेष (नरवाई) जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए वर्ष 2026 में सेटेलाइट मॉनिटरिंग प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के क्रीम्स पोर्टल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार विदिशा जिले में नरवाई जलाने का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, कृषि विभाग और किसानों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। विभाग ने सुपर सीडर, स्ट्रॉ रीपर, मल्चर और जीरो टिलेज सीड ड्रिल जैसे यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया तथा अनुदान भी उपलब्ध कराया।

### हाउसवाइफ से सफल उद्यमी बनीं नेहा सिंधी

**विदिशा।** डंडापुरा निवासी बीकॉम शिक्षित नेहा सिंधी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आईडीबीआई बैंक खड़ी फाटक से 18 लाख रुपये का ऋण लेकर फर्नीचर मार्ट स्थापित किया। पहले गृहिणी रहीं नेहा अब सोफा, कुर्सी, टेबल, ड्रेसिंग व डाइनिंग टेबल सहित विभिन्न फर्नीचर का निर्माण कर रही हैं। उनके उत्पादों की मांग विदिशा के साथ रायसेन, होशंगाबाद और भोपाल तक बढ़ी है। उद्योग से उन्हें प्रतिमाह करीब 60 हजार रुपए आय हो रही है तथा 6-7 लोगों को रोजगार मिला है। नेहा अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं।

### कक्षा 1 से 9 व 11 का परिणाम घोषित किया



**विदिशा।** केंद्रीय विद्यालय का सत्र 2025–26 के अंतर्गत कक्षा 1 से 9 तथा कक्षा 11 के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। सुबह 9 से 10:30 बजे तक तय समय में विद्यार्थी अनिवार्य रूप से यूनिफॉर्म में अपने अभिभावकों के साथ रिपोर्ट कार्ड लेने पहुंचे। विद्यार्थियों से अपनी पुरानी पुस्तकें स्कूल में दान करने का आग्रह किया गया है।

## किलेअंदर के 300 साल प्राचीन मंदिर में सूर्य की किरणों से किया भगवान राम का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

किलेअंदर स्थित 300 साल पुराने महाराष्ट्रीयन समाज के राम मंदिर में शुक्रवार को विशेष पूजा-अर्चना की गई। दोपहर ठीक 12 बजे भगवान राम के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया गया। जैसे ही जन्म का शुभ मुहूर्त हुआ, मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। जन्म के तुरंत बाद एक प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए समाजजनों और मंदिर परिवार ने कांच (आईने) के माध्यम से सूर्य की रोशनी भगवान राम की प्रतिमा पर डाली।

इस परंपरा को 'सूर्य स्नान' कहा जाता है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि भगवान राम सूर्यवंशी थे, इसलिए सूर्य की किरणों से उनका अभिषेक किया जाता है। यह परंपरा वर्षों से निरंतर चली आ रही है और श्रद्धा के साथ निभाई जाती है।



## 400 साल पुराने मंदिर में विधि-विधान से हुई प्राण-प्रतिष्ठा, नगर में रहा उत्सव जैसा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

नगर स्थित लगभग 400 वर्ष प्राचीन श्री राम जानकी बड़ा मंदिर का 35 लाख की लागत से पांच वर्षों में नव-निर्माण पूर्ण हुआ। रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम की पुनः प्राण-प्रतिष्ठा हवन, मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हुई। नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आकर्षक झांकियों के साथ भगवान श्रीराम की सवारी प्रमुख मार्गों से होकर मंदिर पहुंची। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आरती उतारकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मंदिर में भगवान के विराजमान होने के उपलक्ष्य में आज नगर कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। राम जानकी भक्त मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से दर्शन कर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।



### आयोजनः देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, जगह-जगह हुए आयोजन

# राममय हुआ शहरः 2 किमी दूरी तय करने में रघुवंशी समाज की शोभायात्रा को 4 घंटे लगे

***रामनवमी पर रघुवंशी समाज द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली। करीब एक किमी लंबी इस शोभायात्रा को 2 किमी की दूर तय करने में 4 घंटे का समय लगा। गायक कलाकारों ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। ढोल, बैंड, डीजे, ढपलों की गूंज पूरे बाजार में सुनाई दे रही थी। शाम 6 बजे नीमताल से शुरू हुई शोभायात्रा को निकासा तक पहुंचने में ही ढाई घंटे का समय लगा। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।***



**विदिशा।** रघुवंशी समाज की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। वहीं नवमीं पर ज्वारों का जुलूस निकाला गया। बेतवा तट पर पूजा अर्चना हुई।

### रघुवंशी धर्मशाला से निकाली भगवान राम की शोभायात्रा

रामनवमी के अवसर पर रघुवंशी समाज द्वारा शुक्रवार शाम 4 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई। रघुवंशी धर्मशाला में पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुई। शोभायात्रा रघुवंशी धर्मशाला, बस स्टैंड से होगा। शोभायात्रा नीमताल, हॉस्पिटल रोड, माधवगंज, कोतवाली मार्ग, तिलक चौक और बड़े बाजार से होकर पुनः धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन एवं धर्म ध्वज विशेष आकर्षण रहीं। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल भगवान श्रीराम की झांकी की पूजा करने के लिए लोग घंटों तक इंतजार करते हुए। शोभायात्रा से पूरा वातावरण धार्मिक हो गया।

### नवमी पर ज्वारों का बेतवा तट पर विसर्जन, श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

चैत्र नवरात्रि की नवमी के अवसर पर नगर में पारंपरिक आस्था और उल्लास का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। नौ दिनों तक घर-घर में विधि-विधान से माता की आराधना कर बोए गए ज्वारों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। महिलाएं सिर पर ज्वारे रखकर भजन-कीर्तन करते हुए निकलीं। नगर के मुख्य बाजार से ज्वारों की शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ निकाली गई। भक्त "जय माता दी" के उद्घोष लगाते हुए आगे बढ़े। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा बेतवा नदी के तट पर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद ज्वारों का विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महामाई माता मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, भंडारा हुआ

शहर के प्राचीन शक्तिपीठ महामाई माता मंदिर मोहन गिरी में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शाम के समय भंडारे का आयोजन किया गया। जहां हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। ट्रस्ट सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया कि नवमी पर आयोजित भंडारा देर रात तक चलता रहा। प्रजापति समाज अध्यक्ष नथन सिंह प्रजापति ने बताया कि यह मंदिर अषाढ़ी माता मंदिर के नाम से जाना जाता है और अत्यंत प्राचीन मंदिर है जो की एक शक्तिपीठ है। नौ दिनों तक मंदिर के आसपास का माहौल धर्ममय दिखाई दिया। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर माता को जल अर्पित कर भजन कीर्तन किया।

## अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सतर्कता बेहद जरूरी

### बढ़ता अग्नि जोखिमः प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। प्रशासन ने "अपनाएं सरल उपाय, रहें सुरक्षित" संदेश के साथ अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही जन-धन की बड़ी हानि का कारण बन सकती है, इसलिए जागरूकता और सावधानी अत्यंत आवश्यक है।

**खेतों में अग्नि सुरक्षा उपायः** खेतों के चारों ओर 8 से 10 फीट चौड़ी फायर लाइन बनाएं, ताकि आग फैलने से रोकी जा सके। सूखी घास और कचरा इकट्ठा न होने दें। पराली या फसल अवशेष जलाने से बचें। बिजली के ढीले तारों से दूरी बनाए रखें और पास में पानी या मिट्टी की व्यवस्था रखें। खेतों में जलती बीड़ी-सिगरेट न फेंकें।

#### आपात स्थिति में क्या करें

आग लगने पर तुरंत फायर ब्रिगेड को 101 पर सूचना दें। गैस और बिजली कनेक्शन बंद करें। छोटी आग को पानी, मिट्टी या कंबल से बुझाने का प्रयास करें, जबकि बड़ी आग में सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए विशेषज्ञ सहायता का इंतजार करें। प्रशासन ने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर आग की बड़ी घटनाओं से बचा जा सकता है।

#### घर में सावधानियां

घर की पुरानी या खराब बिजली वायरिंग को समय-समय पर ठीक करवाना जरूरी है। गैस सिलेंडर हमेशा सीधा रखें और लीकेज की स्थिति में तुरंत गैस बंद करें। खाना बनाते समय चूल्हा या गैस को बिना निगरानी न छोड़ें। घर में छोटा अग्निशामक यंत्र रखें और उसका उपयोग करना सीखें। पेट्रोल, केरोसीन जैसे ज्वलनशील पदार्थ सुरक्षित स्थान पर रखें तथा बच्चों को माचिस और लाइटर से दूर रखें।

### फर्जी प्लॉट रजिस्ट्री मामले में आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** फर्जी प्लॉट रजिस्ट्री के मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिवाजी चौक निवासी तपन तिवारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मामला चार नंबर प्लेटफॉर्म स्टेशन के पास स्थित एक प्लॉट से जुड़ा है, जहां फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री कराने की साजिश रची गई। फरियादी भावना मिश्रा की शिकायत पर जांच में आरोप सही पाए गए। रजिस्ट्री के गवाहों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## पुलिस लाइन की जर्जर सड़क निर्माण का भूमिपूजन, जल्द शुरू होगा कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम से शांतिनिकेतन स्कूल तक लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण के लिए आज भूमिपूजन किया गया।

यह सड़क पुलिसकर्मियों और कंट्रोल रूम आने वाले लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। वर्षों से इसकी मरम्मत और नर्सरी से नई सड़क बनाए जाने की मांग उठ रही थी। बीच-बीच में चूरी डालकर यातायात सुचारु रखने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि जनता की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी की जा रही है। समारोह में नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भूसा मशीन की चिंगारी से गेहूं की फसल जली

**विदिशा।** शमशाबाद क्षेत्र के बींझ जागीर गांव में किसान धन्नालाल अहिरवार के खेत में आग लग गई। इस घटना में गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते 4 से 5 बीघा गेहूं की फसल इसकी चपेट में आ गई। आशंका जताई जा रही है कि पास के खेत में भूसा बनाने वाली मशीन से निकली चिंगारी के कारण यह आग भड़की। आसपास के किसान तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने ट्रैक्टरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। शमशाबाद फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी से किसान को भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल, आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके के लिए रवाना हो गए।

## चार अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, बिना अनुमति काट रहे थे प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

क्षेत्र में चार अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। यह कार्रवाई कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर एसडीएम मनीष जैन के नेतृत्व में की गई।

भू-माफिया खेतों को प्लॉट में बदलकर लोगों को आधुनिक सुविधाओं का सपना दिखाते थे, लेकिन हकीकत में सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिलने से प्लॉट खरीदने वाले परेशान होते थे। प्रशासन ने आम जनता से अपील की कि कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले उसके डायवर्जन, स्वीकृति और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच अवश्य करें।



**बिना अनुमति तैयार की जा रही थीं:** टीम ने बीना रोड और कैथौरा रोड पर विकसित की जा रही उन कॉलोनियों को निशाना बनाया, जो बिना किसी वैध अनुमति के तैयार की जा रही थीं। कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया। कॉलोनाइजरों द्वारा बनाई गई सड़कें उखाड़ी गईं और नालियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। एसडीएम मनीष जैन ने स्पष्ट किया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा की अनुमति के बिना कॉलोनी काटना पूरी तरह गैर-कानूनी है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई अवैध उपनिवेशन पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई है।

### ट्रक-बाइक भिड़ंत में 1 गंभीर, भोपाल रेफर



**विदिशा।** अटारी खेजड़ा के पास ट्रक और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए। दोनों बाइक सवार बिलराई से पूजा सामग्री लेने विदिशा आ रहे थे, तभी सामने से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे जिला अस्पताल विदिशा में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में भोपाल एम्स रेफर किया गया। दूसरा घायल खतरे से बाहर बताया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रक को नजदीकी थाने में खड़ा कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### विधिक सेवा शिविर में वृद्धाश्रम में कानूनी अधिकार बताए

## न्यायाधीश बोलेः बुजुर्गों के बिना घर में सुख-समृद्धि की कमी

**बुजुर्गों का सम्मान कर उनकी समस्याएं सुनीं और कानूनी सलाह दी गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विदिशा के श्री हरि वृद्ध आश्रम में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को उनके कानूनी अधिकारों, संरक्षण संबंधी कानूनों और उपलब्ध प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था।

यह शिविर 26 से 29 मार्च तक आयोजित किए जा रहे मेगा विधिक सेवा शिविरों की श्रृंखला का हिस्सा था। इसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीशों ने भाग लिया। उन्होंने बुजुर्गों का सम्मान किया, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आवश्यक कानूनी सलाह दी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 26 से 29 मार्च तक मेगा कैंप आयोजित हो रहे हैं, जिसके तहत शिविर वृद्ध आश्रम में लगाया गया। उन्होंने बुजुर्गों को समाज का वटवृक्ष बताया, जिनके अनुभव और आशीर्वाद से परिवार व समाज को दिशा मिलती है। न्यायाधीश शेख सलीम ने कहा कि जिस घर में बुजुर्ग नहीं होते, वहां सुख-समृद्धि और आशीर्वाद की कमी हो जाती है। उन्होंने जोर दिया कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से बड़ी से बड़ी परेशानियां भी दूर हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने बुजुर्गों का अनादर करते हैं, उन्हें समाज में सम्मान नहीं मिलना चाहिए। न्यायाधीश ने चिंता व्यक्त करते हुए अपील की कि जिस उम्र में बुजुर्गों को अपने परिवार, बच्चों और नाती-पोतों के साथ समय बिताना चाहिए, उस समय उनका अकेले वृद्धाश्रम में रहना उचित नहीं है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर ने न केवल बुजुर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि बुजुर्गों का सम्मान हर परिवार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।




**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों का सम्मान करते हुए अतिथिगण।

## पुलिस चौकी शुरू, महासंघ भवन के लिए 17.51 लाख की घोषणा




**विदिशा।** शुक्रवार को बड़ा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने नई पुलिस चौकी का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम के माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, एसपी रोहित काशवानी, एसपी प्रशांत चौबे, नपा प्रतिनिधि राकेश शर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन सहित व्यापारी और समाजसेवी मोजूद रहे। चौकी परिसर में आमजन की सुविधा हेतु ठंडे पानी का वाटर फिल्टर भी स्थापित किया गया। कार्यक्रम में सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री राजेश सोनी खुबाल ने नए एवं बड़े व्यापार महासंघ भवन की मांग रखी। इस पर विधायक मुकेश टंडन ने निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं अध्यक्ष ने 5 लाख, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने राकेश शर्मा ने 1 लाख और राजेश खुबाल ने 1.51 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। अंत में अध्यक्ष संजय चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**गंजबासौदा।** एक ओर जहां इलाके भर में गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है और दोपहर होते ही गर्मी तेज हो जाती है। वहीं शाम के समय उमस लोगों को परेशान कर रही है। ऐसे में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अघौषित कटौती की जा रही है। नागरिकों एवं ग्रामवासीयों ने बताया कि घरों की बिजली कभी भी गुल हो जाती है। जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड रही है। बिजली की आंख मिचौली से नागरिक एवं ग्रामीण खासे परेशान हैं और गर्मी के मौसम में बिजली के अभाव में बगैर, कूलर, पंखे के रहना मुश्किल हो रहा है। शनिवार को भी नगर में सुबह से लेकर शाम तक दिन में कई बार बिजली प्रदाय बंद रहा। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नागरिकों ने विद्युत वितरण कंपनी से अघोषित विद्युत कटौती बंद किए जाने की मांग की है।

### त्योंदा रोड पर देर तक लगा रहा जाम

**गंजबासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर आए दिन वाहनों के फंसने से जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिससे दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को जाम में फंसकर देर तक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं मुख्य मार्ग के किनारों पर हाथ ठेले वाले खड़े हो जाते हैं। जिससे वाहनों के निकलने के लिए रास्ता संकरा हो जाता है और आए दिन जाम की स्थिति बनने से लोगों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

### मच्छरमार दवा के छिड़काव की मांग

**गंजबासौदा।** इन दिनों पाराशरी नदी किनारे के वार्डों एवं निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे रहवासी खासे परेशान हैं। वार्डवासियों ने नपा से मच्छर मार दवा का छिड़काव कराए जाने एवं फागिंग मशीन से धुएं का छिड़काव कराने की मांग की है।

### बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, युवक घायल



**त्योंदा।** शुक्रवार को सागोनी के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस दौरान बाइक पर सवार धर्मेंद्र अहिरवार बारोट निवासी को मुंह एवं सिर में गंभीर चोट आई हैं। जिसे उपचार के लिए 108 एम्बूलेंस की मदद से उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया।

## शीतला शक्ति धाम, बीजासन माता मंदिर, नौलखी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में लगी भीड़

# मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबे श्रद्धालु नगर भर में निकाले गए भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चैन नवरात्रि के नौवे दिन शुक्रवार को श्री रामनवमी के अल सुबह से देर रात तक मां दुर्गा के मंदिरों में पूजन अर्चन करने श्रद्धांलुओं का तांता लगा रहा। नगर के शीतला शक्तिधाम में नवरात्रि के समय आकर्षक साज सज्जा की गई। माता रानी की पूजन अर्चन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। मंदिर प्रांगण में विशाल कन्या भोज का आयोजन हुआ।

वहीं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर नगर में दो चल समारोह निकाले गए। एक चल समारोह श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं रघुकुल युवा परिषद द्वारा निकाला गया, वहीं दूसरा चल समारोह श्रीराम सेवा समिति द्वारा निकाला गया। नगर में निकाले गए विशाल चल समारोहों का नगर में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा एवं पूजन अर्चन कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण चल समारोह में शामिल हुए। नगरपालिका परिषद के तत्वावधान में श्रीराम चल समारोह का नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिंह दांगी, लक्ष्मीकांत शर्मा, राजेन्द्र व्यास, मनोज यादव, कदीर भाई, संजू यादव, देवेन्द्र गुप्ता, नारायण सोनी, संजय भावसार, मनोज डागा, शैलेन्द्र सिंह यादव, सुनील साहू, बलराम महाराज, मनोज यादव पार्टस सहित अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा भगवान की पूजन आरती कर एवं श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। उधर राम नवमी के अवसर पर मंदिरों एवं घरों में सुंदर कांड सहित अन्य आयोजन चलते रहे। साथ ही कन्या भोज भी कराए गए। वहीं कई मंदिरों में रामनाम संकीर्तन, रामायण पाठ सहित अन्य धार्मिक आयोजन कराए गए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर प्रसादी वितरण एवं भंडारे के साथ मिष्ठान वितरण भी किया गया। रघुवंशी समाज की ओर से नौलखी मंदिर में छप्पन भोग लगवाया गया और देव प्रतिमाओं को नए वस्त्र धारण कराए गए।









शोभायात्रा में साकेतवासी जगन्नाथ दास महाराज एवं साकेतवासी कनक बिहारी दास महाराज के चित्र सवार रथ साथ-साथ चल रहे थे। जबकि एक रथ पर भगवान सीताराम का स्वरूप में बच्चे सजकर बैठे थे। एक झांकी में भगवान राम लाल अयोध्या की प्रतिमा सजी हुई थी जो सबसे पीछे चल रही थी, जहां प्रसादी का वितरण शोभायात्रा में किया जा रहा था। अखाड़े के कलाकार एक से बढ़कर एक करतब दिखाकर चल रहे थे। शोभा यात्रा में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, प्रहलाद सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। त्योंदा रोड स्थित हनुमान मंदिर से आरंभ हुई राम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में "जय श्रीराम" के उद्घोष के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

काशी से पहली बार आए कलाकारों ने वृंदावन के मोर नृत्य, शिव के तांडव और काशी की मसान होली जैसी प्रस्तुतियों से ऐसा दिव्य भाव रचा कि हर चौराहा एक आध्यात्मिक केंद्र में बदल गया। इस धार्मिक आयोजन का सबसे भावपूर्ण पक्ष यह रहा, चैत्र नवरात्रि उत्सव के समापन पर मातृशक्ति का अभिनंदन। रघुवंशी समाज की महिलाएं सिर पर केसरिया ध्वज बांधे, मर्यादा और अनुशासन के साथ जब सबसे आगे बढ़ीं, तो यह केवल शोभायात्रा का हिस्सा नहीं, बल्कि शक्ति स्वरूपा नारी के सम्मान और सनातन परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति बन गया। उनके पीछे विभिन्न समाजों के लोग एक साथ श्रद्धा के साथ चलते नजर आए, जिसने इस आयोजन को सामाजिक एकता और समरसता का प्रतीक बना दिया। मार्ग में जगह-जगह धार्मिक सामाजिक संगठनों द्वारा की गई पुष्पवर्षा, स्वागत द्वार और जयघोषों के बीच यह शोभायात्रा केवल आगे नहीं बढ़ रही थी, यह हर हृदय में राम के प्रति आस्था का संचार कर रही थी।

नगर के प्रबुद्धजन, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और राम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। पहली बार नगर पहुंचे काशी के कलाकारों ने शोभायात्रा को एक अलग ही ऊंचाई पर पहुंचा दिया। जैसे ही उनकी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां शुरू हुईं, माहौल केवल उत्सव का नहीं रहा वह अनुभव बन गया। वृंदावन का मोर नृत्य जहां मन में माधुर्य घोल रहा था, वहीं शिव का तांडव नृत्य ऊर्जा और भक्ति का कंपन पैदा कर रहा था और जब काशी की मसान होली सामने आई, तो लगा मानो जीवन, मृत्यु, भक्ति और विरक्ति एक साथ उपस्थित हो गए हों। लोग रुक गए, भीड़ ठहर गई और हर कोई उस क्षण को जीने लगा। शोभायात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, हर चौराहा एक नया दृश्य बनता गया। कई श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नतमस्तक हुए, तो कई ने इन दुर्लभ पलों को अपने मोबाइल में कैद किया। नगर के विभिन्न समाजों, व्यापारियों और संगठनों द्वारा राम जी की शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। प्रबुद्धजन, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और राम जन्मोत्सव की बधाइयां दीं। केसरिया ध्वज, पुष्पवर्षा और जयघोषों के बीच भजन मंडलियों की स्वर लहरियां, ढपलों की थाप, बैंड-बाजों की गूंज सब मिलकर ऐसा वातावरण बना रहे थे, जिसमें हर व्यक्ति खुद को भक्ति में डूबा हुआ महसूस कर रहा था। करीब 2 किलोमीटर की इस यात्रा को 6 घंटे लगे रात करीब 9 बजे शोभायात्रा रघुवंशी धर्मशाला पहुंची, जहां काशी की गंगा आरती की तर्ज पर भगवान श्रीराम की भव्य आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे। नागरिकों द्वारा किए गए स्वागत के दौरान सड़कों पर बिखरे डिस्पोजल आदि की साफ, सफाई नपाध्यक्ष द्वारा स्वयं झाड़ू लगाकर करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

## जवारों का चल समारोह निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को शाम के समय नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जवारों का चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। चैत्र नवरात्रि की नवमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस समारोह में भाग लिया। जिसमें महिलाएं सिर पर जवारे लेकर मंदिरों तक पहुंचीं। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्रि की शुरुआत में मां दुर्गा की नौ दिनों तक उपासना करने वाले श्रद्धालु अपने घरों या सामूहिक स्थानों पर कलश स्थापना के साथ जवारे बोते हैं। नौ दिनों तक इन जवारों की विशेष पूजा-अर्चना और सुबह-शाम आरती की जाती है। नवमी के दिन शाम को विशेष पूजन और महाआरती के बाद इन्हें चल समारोह के रूप में शहर के मुख्य मार्गों से निकाला जाता है। इस दौरान महिलाएं विशेष रूप से ज्वारों को अपने सिर पर लेकर चलती हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस चल समारोह के साथ-साथ चलते हुए दिखाई दिए। नगर के कई स्थानों से निकले जवारे जय स्तंभ चौराहे पर एकत्रित हुए और फिर श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर पहुंचे, जहां श्रद्धापूर्वक ज्वारे भेंट किए गए।

## कथा में किया मां सिद्धिदात्री की महिमा का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मां काली मंदिर बालाजी दरबार में चल रही श्रीमद् देवी भागवत शतचंडी महायज्ञ के अंतर्गत कथा वाचक सुमित महाराज ने बताया कि माँ सिद्धिदात्री, दुर्गा जी का नौवां और अंतिम स्वरूप, सभी प्रकार की सिद्धियों (अणिमा, महिमा, आदि) को प्रदान करने वाली देवी हैं। नवरात्र के अंतिम दिन इनकी पूजा से साधक को मोक्ष, ज्ञान, आध्यात्मिक उन्नति, और सभी सांसारिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होती है। इन्हें महालक्ष्मी का स्वरूप भी माना जाता है। माँ सिद्धिदात्री अपने भक्तों को आठ सिद्धियां प्रदान करती हैं, अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान शिव ने माँ सिद्धिदात्री की कठिन तपस्या से ही सभी सिद्धियां प्राप्त की थीं, जिसके बाद ही उनका आधा शरीर देवी का हो गया और वे 'अर्धनारीश्वर' कहलाए। नौ दिनों का पूर्ण फलः यदि आपने नौ दिनों तक व्रत या पूजा न की हो, तो केवल नवमी के दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा करने से आपको संपूर्ण नवरात्र का फल मिल सकता है। ज्ञान और बुद्धिः माँ सिद्धिदात्री ज्ञान, बुद्धि और दिव्य शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। धन और समृद्धिः महालक्ष्मी के स्वरूप में, ये भक्तों के जीवन में खुशहाली और ऐश्वर्य लाती हैं। नवरात्र के अंतिम दिन (महानवमी) को मां के स्वरूप की स्थापना कर, कमल पर विराजमान माता को शंख, गदा, चक्र, और कमल धारण किए हुए पूजा जाता है। इस दिन कन्या पूजन (कंजक पूजन) का भी विशेष विधान है, जिसमें छोटी कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर पूजा जाता है। यज्ञ कर्ता मुख्य यजमान अरुण वैष्णव, विशाल वैष्णव, सुनीता वैष्णव, वेदांत आश्रम महंत हरिहर दास महाराज, संजू यादव, विजय अरोरा, अभिषेक शर्मा, भजन प्रजापति , दिनेश प्रजापति, शैलेंद्र यादव, राहुल रघुवंशी, गोपाल शर्मा, रूद्र रघुवंशी द्वारा चुनरी यात्रा निकाली गई। इस दौरान माता बहिनें भजन करते हुए चल रहीं थीं, चुनरी यात्रा का मां काली माता मंदिर पहुंचकर समापन हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।

## स्ट्रॉ रीपर बना किसान की सफलता की पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड के नयागांव में कृषक गजराज सिंह लोधी को कृषि विभाग द्वारा स्ट्रॉ रीपर (भूसा मशीन) अनुदान पर प्रदान की गई। इस मशीन पर उन्हें 1,50,000 रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे उनकी कृषि गतिविधियों में नया आयाम जुड़ा है। कृषक गजराज सिंह द्वारा अपने खेत में नरवाई से भूसा तैयार किया जा रहा है, जिससे फसल अवशेष का बेहतर उपयोग हो रहा है। इसके साथ ही वे आसपास के गांवों के किसानों के खेतों में किराए पर सेवा देकर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। यह पहल न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रही है। कृषि विभाग द्वारा गांव में पहुंचकर किसानों को नरवाई न जलाने की समझाइश दी गई। उन्हें बताया गया कि सुपर सीडर एवं अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से नरवाई प्रबंधन कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी बनाए रखी जा सकती है। इस प्रकार आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर किसान आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का कार्यक्रम आयोजित

# स्मृति दिवस को जागृति दिवस के रूप में मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र द्वारा ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी का पुन्य स्मृति दिवस वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने दादी के अनमोल शिक्षाओं को याद करते हुए बताया कि दादी मात्र चौथी कक्षा तक पढ़ीं थी, 46 हज़ार बहनों की अलौकिक मां अर्थात बहनों का समर्पण करा कर पालना करने के निमित्त बनी। दादी 103 साल की उम्र में भी 12 घंटे विश्व की सेवा में सक्रिय रहीं।

अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में 4 बजे से हो जाती थीं ध्यान मग्न। दादी के नाम विश्व की सबसे स्थिर मन वाली महिला' का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। ऐसे अद्भुत व्यक्तित्व की धनी हैं दादी मां जानकी दुनियाभर के 140 देशों में फैले प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी का जीवन आध्यात्म का प्रेरणापुंज है। यही नहीं, विश्व की सबसे स्थिर मन की महिला का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दादी के नाम है। ज्ञात हो कि ब्रह्माकुमारी विश्व की एकमात्र ऐसी संस्था है, जो नारी शक्ति द्वारा संचालित है।

दादी जानकी का जीवन साक्षात में योग की जीती-जागती मिशाल है। उन्होंने राजयोग के अभ्यास से खुद को इतना परिपक्व, शक्तिशाली, महान और आदर्शवान बनाया कि उनका एक-एक वाक्य महा वाक्य बन गया। उन्होंने योग-साधना से मन को इतना संयमित, पवित्र, शुद्ध और सकारात्मक बनाया, कि वे जिस समय जिस संकल्प पर जितनी देर चाहती, स्थिर रह सकती थीं। यही कारण है कि जीवन के 103 वर्ष की आयु में भी आपकी ऊर्जा और उत्साह देखते ही बनता था। केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के 140 देशों में अपनी मौजूदगी से दादी ने लाखों लोगों की जिंदगी में एक सकारात्मक संचार किया। दादी के संपर्क में आये हुए लोग उन्हें देखकर, सुनकर, मिलकर प्रभावित होते और आज भी अच्छी जिंदगी के राही हैं। दादी का एक-एक शब्द लाखों भाई-बहनों के लिए मार्गदर्शक और पथप्रदर्शक बना।

ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अविभाज्य भारत के हैदराबाद सिंध प्रांत (अब पाकिस्तान) में 1916 में जन्मी दादी जानकी ने मात्र चौथी कक्षा तक ही पढ़ाई की। भक्ति भाव के संस्कार आपको बचपन से ही माता-पिता द्वारा विरासत में मिले। लोगों को दुःख-दर्द, तकलीफ, जातिवाद और धर्म के बंधन में बंधे देख आपने अल्पायु में ही समाज परिवर्तन का दृढ़ संकल्प किया। दादी ने ब्रह्माकुमारी के संस्थापक पिता ब्रह्मा बाबा के अलौकिक तपस्वी जीवन से प्रभावित होकर अपना सम्पूर्ण जीवन समाज कल्याण के लिए अर्पण करने का साहसिक फैसला लिया।

## ग्रामीण अंचलों में माता को ओढ़ाई चुनरी



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को चैत्र नवरात्रि की नवमी पर ग्रामीण अंचलों में मां दुर्गा के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। नवमी के दिन माता मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, जिसके लिए भक्त सुबह से पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की, उन्हें चुनरी भेंट की और प्रसाद का भोग लगाया। मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राचीन परंपरा के अनुसार, नवमी की विशेष पूजा के बाद मां दुर्गा को आहुतियां अर्पित की जाती हैं। इसके चलते, कई श्रद्धालु मंदिर के आसपास अपने साथ लाई अग्नि में आहुतियां छोड़ते देखे गए।

## टीईटी को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने याचिका दायर की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश के शिक्षकों में टीईटी परीक्षा को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई थी। इसी चिंता को लेकर प्रदेश के शिक्षकों के लिए राज्य शिक्षा संघ के मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव ने दिल्ली पहुंचकर सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ साथियों से विचार विमर्श कर याचिका दायर की है। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव राजेश एलिया ने बताया है कि पात्रता परीक्षा को लेकर किसी भी शिक्षकों को व्यक्तिगत न्यायालय में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पात्रता परीक्षा को लेकर किसी भी शिक्षक को चिंतित होने की की आवश्यकता नहीं है, राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश शिक्षकों के हितों को लेकर सदैव खड़ा रहा है जगदीश यादव ने उच्चतम न्यायालय में संघ के नाम से पुनर्विचार याचिका दायर की है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया है कि प्रदेशभर के शिक्षक चिंतित हो रहे और अलग-अलग संगठनों के माध्यम से एवं व्यक्तिगत रूप से याचिका लगाने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन अब उन्हें अलग-अलग नाम से याचिका दायर करने की जरूरत नहीं है, यादव ने बताएं किसी भी स्थिति मैं शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं होने देंगे। कानून की लड़ाई के साथ ही शासन स्तर पर भी चर्चा कर रहे हैं, परिणाम सकारात्मक आएगा। उन्होंने बताया है कि प्रदेश कार्यकारी के अनुभवी साथियों के साथ में विचार कर याचिका दायर की गई है, किसी भी स्थिति में किसी शिक्षक का हम नुकसान नहीं होने देंगे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव राजेश एलिया के साथ ही नागेंद्र त्रिपाठी, नरेंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, गिरीश द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह तोमर, अनिल पटेल, अनंत त्रिवेदी उपस्थित रहे।

नगर की सड़कों पर रही भक्तों की भीड़, आस्था का उमड़ा जन सैलाब

# भगवान श्रीराम के जन्म महोत्सव पर गाजे-बाजे से निकला समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति रघुवंशी समाज द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नगरवासियों ने जगह-जगह भगवान श्रीराम और उनके भक्तों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। डी.जे. की धुन में श्रीराम भक्त हिन्दुत्व के भक्तिमय गीतों पर नृत्य करते चल रहे थे। शोभा यात्रा केशरियां और भगवा रंग में रंगी हुई थी। दोपहर लगभग एक बजे छत्री नाका चौराह हनुमान मंदिर परिषर से प्रारंभ हुआ भव्य चल समारोह बामोरा रोड,कस्टम पथ,विद्यार्थी पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,चांदनी चौक,कोर्ट गेट,राज बाजार,नपा कार्यालय के सामने से,बजारिया,हाजीपुर,बासौदा नाका,लिंक रोड होते हुए पुनः छत्री नाका हनुमान मंदिर पहुंचकर समापन किया गया।

### घोड़ों पर बैठे भगवा ध्वजधारी

भव्य शोभायात्रा में सजाई गई भगवान श्रीराम की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही जिसने सबका मन मोह लिया। नगरवासियों ने पग पग पर मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की आरती उतारकर चरण वंदना की। भव्य शोभायात्रा की अगवानी कर रहे घोड़ों पर बैठे भगवा ध्वजधारी, ललितपुर का बैंड भी इस शोभायात्रा में आकर्षक का केन्द्र बने रहे।










### जगह-जगह हुआ स्वागत

*श्रीराम जन्मोत्सव समिति रघुवंशी समाज के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्पा वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। नगर के छत्री नाका चौराह,कष्टम पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,चांदनी चौक,सिनेमा चौराहा,कोट गेट सहित भाजपा,कांग्रेस नेताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भगवान श्रीराम की आरती उतारकर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। वही दांगी क्षत्रिय संघ द्वारा नगर के बामौरा रोड पर भव्य शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अर्जुन सिंह दांगी,रघुवीर सिंह,पहलाद दांगी,ज्ञान सिंह,बलराम सिंह,युवराज सिंह,संदीप सिंह,अरविंद सिंह,संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।*

### लगाए छप्पन भोग

*नगर के विद्यार्थी पथ पर स्थित श्री रामलला सरकार के दरबार में बड़े ही धूमधाम के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रातः भगवान श्रीराम का अभिषेक एंव विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। दोपहर में श्री सरकार को छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री रामलला सरकार के दर्शनों के लिए मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भारी भीड़ रही। साथ ही भजन संध्या का आयोजन किया गया जो कि दिन भर चलता रहा। रामलला सरकार के दरबार में श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित छप्पन भोग दर्शन कार्यक्रम में सहभागिता के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। वही देर शाम तक महाप्रसादी वितरण की गई।*

## मीरा के जीवन चरित्र पर हुआ भावपूर्ण मंचन, रामलीला में लंका दहन, आज खेली जाएगी फूलों की होली

*सिरोंज। महामाई महोत्सव के पावन अवसर पर नगर में प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इसी क्रम में रामलीला एवं रासलीला की आकर्षक प्रस्तुतियाँ श्री कृष्ण मुरारी व्यास के मार्गदर्शन में निरंतर मंचित की जा रही हैं, जिन्हें दर्शकों का भरपूर स्नेह मिल रहा है जिसमे आज 10 दिवसीय श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महा यज्ञ की पूर्ण आहुति एवं महा प्रसादी वितरण की जाएगी। शुक्रवार को आयोजित कृष्ण लीला में भक्त शिरोमणि मीरा बाई के जीवन चरित्र पर अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक प्रस्तुति दी गई। मंचन में दर्शाया गया कि मीरा का जन्म राजस्थान में हुआ और बाल्यकाल से ही उनका रुझान भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की ओर रहा। वे निरंतर भागवत कथा का श्रवण करती रहीं, जिससे उनका कृष्ण के प्रति अटूट प्रेम विकसित हुआ। प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्ति और समर्पण की भावना से भाव-विभोर कर दिया। वहीं दूसरी ओर रामलीला में लंका दहन का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कथा प्रसंग में भगवान श्रीराम द्वारा विजय प्राप्ति हेतु यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ब्राह्मण के रूप में रावण को आमंत्रित किया गया। रावण द्वारा यज्ञ संपन्न कर भगवान राम को विजय का आशीर्वाद देने का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आज महोत्सव में ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली एवं लट्ठमार होली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में तबला वादन पर श्री सूरज प्रसाद जी तथा ऑर्गन वादन पर श्री सीताराम कौशिक अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। रात्रिकालीन कार्यक्रमों में राक्षस वध के प्रसंगों का मंचन भी किया जाएगा। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह मेला इस वर्ष भी भव्यता के साथ जारी है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रामलीला, रासलीला एवं माँ महामाई के दर्शन हेतु पहुँच रहे हैं।*



अंबेडकर जयंती पर निकलेगा चल समारोह

# भीम आर्मी की अपील, अनुशासन व मर्यादा से मनाएं बाबा साहेब जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इस आयोजन को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर तैयारियां शुरू कर दी हैं। संगठन ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट कहा कि समारोह के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा शराब पीकर या नशे में आकर अश्लील या भड़काऊ प्रदर्शन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों और सामाजिक परिवर्तन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इसलिए आयोजन में अनुशासन, सम्मान और संवैधानिक मूल्यों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि चल समारोह के दौरान डीजे या बैंडबाजे पर किसी भी प्रकार के अश्लील, भड़काऊ या असंवैधानिक शब्दों वाले गीत बजाने की अनुमति नहीं होगी। कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का राजनीतिक प्रदर्शन या नारेबाजी भी प्रतिबंधित रहेगी।

### चल समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना

संगठन के अनुसार इस वर्ष अंबेडकर जयंती के चल समारोह में लगभग एक से डेढ़ हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित बनाने के लिए समिति कार्यकर्ताओं की अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गई हैं, जो भीड़ को नियंत्रित करने, अनुशासन बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने में सहयोग करेंगे। संगठन का उद्देश्य है कि समारोह सामाजिक एकता, भाईचारे और बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संदेश देते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो। अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को चल समारोह नगरपालिका सिरोज से प्रारंभ होगा। इसके बाद बजरिया, बासौदा नाक से होते हुए छत्री नाका, कस्टम मुख्य बाजार से होते हुए बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर अंत मे सिरोज न्यू बस्टेण्ड पर जनसभा कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। वही संगठन ने अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान अनुशासन बनाए रखें और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दें। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चल समारोह के दौरान रंग-गुलाल का प्रयोग नहीं किया जाएगा। साथ ही किसी भी राजनीतिक दल का झंडा या प्रतीक उपयोग नहीं किया जाएगा। समारोह में मुख्य रूप से बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष और प्रेरणादायी विचारों पर आधारित झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, ताकि समाज जागरूक और प्रेरित हो सके।

## सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर मौत



**सिरोंज।** नगर के आरोन रोड पामाखेडी चौराहा पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार सिरोंज से आरोन की ओर जा रहे एक ट्राला ने बाइक चालक को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। वही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो में पूरी घटना केद हो गई। जिसमें बाइक चालक पामाखेडी रोड तरफ जाता नजर आ रहा है वही पीछे से आ रहे ट्राले ने चालक को टक्कर मार दी। वही मौके पर मौजूद नागरिको ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। जिस पर डायल 112 ने मृतक बाइक चालक का शव पीएम के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय भेंजा।

## ट्रस्ट के शिक्षण संस्थान में कार्यरत नहीं आशीष

**सिरोंज।** श्री राधा कृष्ण अक्षर विकास ट्रस्ट सिरोंज से संचालित श्री द्वारिका प्रसाद यादव शिक्षा महाविघालय व इंटरनेशनल स्कूल एंव ट्रस्ट द्वारा संचालित समस्त शिक्षण संस्थान व अविभावको को जानकारी देते हुए बताया कि कि आशीष यादव श्री राधा कृष्ण अक्षर विकास ट्रस्ट सिरोंज द्वारा किसी भी शिक्षण संस्थान में कार्यरत नही है एंव लेनदेन करने पर अविभावक स्वयं जिम्मेदार होंगे व संस्थान जिम्मेदार नहीं होगी।

## पेट्रोल पंप के दोनों ओर लगी रही वाहनों की लंबी कतार

### भीषण गर्मी में अपने वाहनों में पेट्रोल डलवाने खुले आसमान के नीचे खड़े रहे लोग



**सिरोंज।** नगर के पेट्रोल पंपो पर डीजल-पेट्रोल न मिलने के कारण इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता लंबी कतारो में घंटो खडें होकर डीजल-पेट्रोल लेने के लिए मजबूर है। नगर के एक मात्र पेट्रोल पंप रिलायंस जियो पर पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल उपलब्ध है। उक्त पेट्रोल पंप पर सुबह से लेकर देर रात तक वाहनो की लंबी कतार पिछले दो दिनो से देखी जा रही है। वाहन चालक अपने वाहनों में पेट्रोल डीजल डलवाने के लिए भीषण गर्मी में खुले आसमान के निचे खडें होने को मजबूर है। शुक्रवार को ऐसा ही नजारा देखने को मिला जहा लिंक रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर एक तरफ बडें वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली तो दूसरी ओर दो पाहिया वाहन चालक अपने वाहनो में पेट्रोल डलवाने के लिए घंटों खड़े रहे।

## पेट्रोल-डीजल आपूर्ति को लेकर बैठक आयोजित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार एसडीएम अमन मिश्रा ने सागर जिले के नरयावली स्थित एचपीसीएल एवं आईओसीएल डिपो में डिपो इंचार्ज के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता, स्टॉक की स्थिति तथा आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीएम मिश्रा ने डिपो में उपलब्ध स्टॉक की जानकारी प्राप्त कर वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।

## महावीर जयंती आज से त्रिदिवसीय कार्यक्रम 28

**सागर।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक चैत्र शुक्ल त्रयोदशी और गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के डेढ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुनि श्री महासागर महाराज के ससंघ सानिध्य मे कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण मे 28 मार्च 150 कलशो से महामस्तकाभिषेक होगा। मुनि संघ के मंगल प्रवचन के बाद दोपहर मे सागर नगर की पाठशालाओ की शिक्षिकाओ का अधिवेशन रखा गया है।

## नवमी पर उमड़ी आस्थाः माता बहनों ने खीर पूरी व प्रसाद का लगाया भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक निरंतर माता रानी की पूजा-अर्चना और जल अर्पण के बाद नवमी के दिन माता बहनों ने पूरे विधि-विधान से देवी मंदिरों में भोग अर्पित किया।

नगर की श्रद्धालु महिलाओं ने जोशी वाली माता, दरवाजे वाली माता, मां बिजासन देवी पहाड़ों वाली सहित विभिन्न देवी मंदिरों में पहुंचकर खीर, पूरी, हलवा एवं मिष्ठान का भोग लगाकर मां जगदंबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिरों में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। नवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं-बहनें मंदिरों में एकत्रित हुईं और परिवार, समाज एवं देश के सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। ग्यारसपुर, जो अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है, यहां के प्राचीन देवी मंदिरों में सप्त मातृकाएं एवं महिषासुर मर्दिनी की अद्भुत प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

नवमी के दिन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूर्णाहुति दी और मां दुर्गा से सुख-शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। पूरे नगर में नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह और आस्था का माहौल बना रहा।

## स्ट्रॉ रीपर बना कृषक गजराज सिंह की सफलता की पहचान

**विदिशा।** बासौदा विकासखंड के नयागांव में कृषक गजराज सिंह लोधी को कृषि विभाग द्वारा स्ट्रॉ रीपर (भूसा मशीन) अनुदान पर प्रदान की गई। इस मशीन पर उन्हें 1,50,000 रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे उनकी कृषि गतिविधियों में नया आयाम जुड़ा है। कृषक गजराज सिंह द्वारा अपने खेत में नरवाई से भूसा तैयार किया जा रहा है, जिससे फसल अवशेष का बेहतर उपयोग हो रहा है। इसके साथ ही वे आसपास के गांवों के किसानों के खेतों में किराए पर सेवा देकर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। यह पहल न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रही है। कृषि विभाग द्वारा गांव में पहुंचकर किसानों को नरवाई न जलाने की समझाइश दी गई। उन्हें बताया गया कि सुपर सीडर एवं अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से नरवाई प्रबंधन कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी बनाए रखी जा सकती है। इस प्रकार आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर किसान आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# रामराज्य का आधार सत्य, न्याय और करुणाः युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



ग्राम भापेल में आयोजित श्री राम नवमी महामहोत्सव एवं प्रभात फेरी सम्मेलन में शामिल हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय और लोक-कल्याण के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इसी पावन दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म अयोध्या में माता कौशल्या के पुत्र के रूप में हुआ था। राम का चरित्र हमें यह सिखाता है कि नेतृत्व आदेश से नहीं, बल्कि आचरण से स्थापित होता है और सत्ता का उद्देश्य उपभोग नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व निभाना है।अविराज सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, सेवा और मर्यादा का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने बताया कि राम ने यह सिद्ध किया कि सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति अकेला होकर भी अधर्म की विशाल सेना को परास्त कर सकता है। राम अपनी प्रजा के दुख में दुखी और उनके सुख में प्रसन्न रहने वाले सच्चे लोकनायक थे। उनका जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है और यह संदेश देता है कि सच्चा नेतृत्व सेवा और समर्पण से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य का वास्तविक चरित्र संकट के समय ही निर्मित होता है। भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व भी राजमहलों में नहीं, बल्कि 14 वर्ष के कठिन वनवास के दौरान निखरकर सामने आया।

उन्होंने कहा कि आपकी क्षमता आपको शिखर तक पहुंचा सकती है, लेकिन आपका चरित्र ही आपको वहां बनाए रखता है। मनुष्य योजनाएं बनाता है, किंतु नियति अपना मार्ग स्वयं चुनती है। श्रीराम का वनवास उसी नियति का वह चरण था, जिसने उन्हें 'ईश्वर' के रूप में स्थापित कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिव धनुष भंग कर भगवान राम ने यह सिद्ध किया कि योग्यता तभी प्रकट होती है, जब व्यक्ति चुनौतियों को स्वीकार करता है। अविराज सिंह ने कहा कि राम होना सरल नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है अपनी इच्छाओं का त्याग कर समाज के सुख को सर्वोपरि रखना। राम समुद्र की तरह गंभीर और हिमालय की तरह धैर्यवान हैं।

उन्होंने कहा कि "कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिर-सुमिर नर उतरहिं पारा", अर्थात कलियुग में राम नाम ही मुक्ति का आधार है। रामराज्य ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और करुणा के स्तंभों पर खड़ा होता है।

## गढ़ाकोटा नगर में चार वार्ड चौराहा पर सजता है माता का दरबार

**गढाकोटा।** सागर जिले के चार वार्ड स्थित साहू चौराहा क्षेत्र एक बार फिर गहरी आस्था और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया, जहां मां बीजासेन दरबार में वर्षों पुरानी परंपरा के तहत जवारे बोने और पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक परंपरा स्वर्गीय करोड़ी साहू के निवास से जुड़ी हुई है, जिसे उनके परिवार और समाजजन पिछले कई दशकों से निरंतर निभाते आ रहे हैं। चैत्र मास के पावन अवसर पर परमा से नवमी तक चलने वाले इस आयोजन में घट स्थापना के साथ ही विधि-विधान से जवारे बोए। भक्तजन मां की पूजा-अर्चना करते रहे और दरबार में भक्ति का वातावरण बना रहा। भजन-कीर्तन और आरती के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की। अष्टमी के दिन विशेष आकर्षण का केंद्र रही सार्वजनिक महाआरती, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में गूंजते भजनों और जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। महिलाओं ने भक्ति गीत गाकर कार्यक्रम को और अधिक भावपूर्ण बना दिया।

# ग्राम में विकास की नई पहल, 1 करोड़ की लागत से बने सामुदायिक भवन का विधायक मीणा ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

जनपद पंचायत नटेरन की ग्राम पंचायत वर्धा में विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने एक करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर

फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया। विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने कहा कि यह सामुदायिक भवन विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। उन्होंने कहा, "पहले ग्रामीणों को विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए निजी स्थानों पर अधिक खर्च करना पड़ता था, लेकिन अब इस भवन के माध्यम से वे कम लागत में अपने कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे।" यह भवन न केवल सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोगी होगा, बल्कि गांव में सामुदायिक एकता और सामाजिक समरसता को भी मजबूत करेगा। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया। सामुदायिक भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें पर्याप्त बैठक व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल एवं बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता भगवान सिंह धाकड़, शैलेन्द्र ठाकुर,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश मेहर, रामकृष्ण मीणा,मनमोहन यादव, अभिनंदन धाकड़, सरपंच प्रहलाद कुशवाह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मीणा, प्रहलाद धाकड़,चक्रेश



## गुलाबगंज में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**गुलाबगंज।** रामनवमी के अवसर पर गुलाबगंज में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मथुरा से आए कलाकारों ने भजनों पर अपनी प्रस्तुति दी। नगर के मुख्य मार्ग में भ्रमण करते नगरवासियों ने पूजा अर्चना करके आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे वातावरण में भक्तिमय ऊर्जा और उत्साह का अद्भुत अनुभव हुआ। कार्यक्रम आयोजक समिति रघुवंशी समाज बंधुओं ने सभी भक्त प्रेमी बन्धुओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट किया।

# पर्यावरण संरक्षण के साथ बढ़ेगी खेती की उत्पादकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खेती में फसल कटाई के बाद बचने वाले अवशेष (नरवाई) का सही प्रबंधन आज की बड़ी आवश्यकता बन गया है।

नरवाई जलाने से जहां पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है, वहीं मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए निर्देशो के अनुपालन में जिले के कृषि विभाग व लाईन डिपार्टमेंटों के संयुक समन्वय से किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे फसल अवशेष का समुचित प्रबंधन किया जा सके। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए विभिन्न उपयोगी कृषि यंत्र उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर किसान न केवल अपनी लागत घटा सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते हैं।

### मुख्य कृषि यंत्र एवं उनके उपयोग

यह मशीन खेत में खड़ी नरवाई को काटकर छोटे-छोटे टुकड़ों में बदल देती है, जिससे यह मिट्टी में मिलकर जैविक खाद का कार्य करती है। बेलर मशीन फसल अवशेष को इकट्ठा कर गांठ (बेल) बनाती है। इन बेलों को पशु चारे या ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है तथा बाजार में बेचकर आय भी प्राप्त होती है। यह मशीन फसल की कटाई के साथ-साथ उसे बांधने का कार्य भी करती है, जिससे कटाई में समय और श्रम की बचत होती है।

स्ट्रॉ रीपर यह मशीन फसल कटाई के बाद बची नरवाई से भूसा तैयार करती है, जो पशुओं के लिए उपयोगी चारा होता है। सुपर सीडर मशीन नरवाई को हटाए बिना सीधे खेत में अगली फसल की बुवाई करने में सक्षम है, जिससे समय, लागत और श्रम तीनों की बचत होती है।

जीरो टिलेज सीड ड्रिल यह यंत्र बिना जुताई किए सीधे बुवाई करने की सुविधा देता है, जिससे मिट्टी की संरचना बनी रहती है और नमी का संरक्षण होता है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को इन यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है तथा गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर नरवाई नहीं जलाने की अपील की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### गढ़ी में निर्मित यूनानी औषधालय भवन अधूरा

**रायसेन।** ज़िले की गैरतगंज तहसील के ग्राम पंचायत गढ़ी में स्थित नवीन शासकीय यूनानी औषधालय भवन का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण अभी तक उसका उपयोग शुरू नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार लगभग 2 वर्ष पूर्व आयुष विभाग द्वारा इस भवन के निर्माण के लिए 38 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी।भवन का मुख्य निर्माण कार्य तो पूरा हो चुका है, लेकिन शेष आवश्यक कार्य राशि के अभाव में लंबित पड़े हुए हैं। इसी वजह से औषधालय को अब तक नए भवन में स्थानांतरित नहीं किया जा सका है, जिससे ग्रामीणों को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।लंबे समय से भवन के उपयोग में न होने के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा उसमें नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिससे शासकीय संपत्ति को क्षति हो रही है। ग्रा पंचायत गढ़ी के सरपंच सैयद मसूद अली पटेल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों ने संचालक आयुष्य विभाग भोपाल से मांग की है कि नवीन यूनानी औषधालय भवन की शेष लंबित राशि शीघ्र स्वीकृत की जाए, ताकि बाकी कार्य पूर्ण कराकर भवन का उद्घाटन किया जा सके और आम नागरिकों को आयुष चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सके।

### वृहद जागरुकता शिविर आज

**रायसेन।** आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार, 28 मार्च को जिला न्यायालय परिसर रायसेन में वृहद जागरूकता एवं विधिक सेवा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रशासन रायसेन के समन्वय से किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को सुबह 10:30 बजे से होगी। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं, पात्रता और लाभ की जानकारी उपलब्ध कराना है। ताकि जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच सके। पात्र हितग्राहियों का मौके पर पंजीयन भी किया जाएगा।

### भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव पर जिलेभर में निकाली गई शोभायात्राएं, भक्तों में उत्साह


# राममय हुआ शहर: धूमधाम से निकाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा, मंदिरों में हुए कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को श्रीराम नवमी समिति रायसेन के नेतृत्व में नगर में डीजे ढोल नगाड़ों के साथ भगवान श्रीराम चंद्र की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक उत्साह के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए। महिलाएं केसरिया परिधान में और पुरुष सफेद भगवा वस्त्र पहनकर हाथों में भगवा ध्वज लिए चल रहे थे। ऐसा लग रहा था कि मानो पूरा शहर अयोध्या नगरी बन गया हो

शोभायात्रा में श्रीराम-जानकी की आकर्षक झांकी, छत्रपति वीर शिवाजी महाराज, प्रभु श्रीराम, रामभक्त हनुमान, राम की वानरसेना की जीवंत प्रस्तुतियां और धार्मिक प्रतीकों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा में गुरिल्ला डांस एक बार फ़िर आकर्षण का केंद्र रहा।





#### जगह-जगह हुआ स्वागत

शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक और व्यापारी संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई तो कहीं शीतल पेय और प्रसाद वितरण शरबत मट्ठा वितरण की व्यवस्था की गई। आयोजन समिति की ओर से श्रीराम नवमीं यात्रा में शामिल भक्तों के मस्तक पर चंदन का तिलक लगाया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा शहर राममय हो गया। नगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल हुए।

#### मंदिरों में मनाया प्रकटोत्सव

शहर के अयोध्या नंदन श्रीरामचंद्र भजन महोत्सव के तहत रामनवमी का आयोजन विशेष उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर के प्रमुख श्रीराम मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। राम मंदिर परिसरों में रंग-बिरंगे फूलों, झालरों और मालाओं से सजावट कर मनोहारी वातावरण बनाया गया। कई रम्य मंदिरों में फूल बंगला सजाकर भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया।

रामनवमी पर शहर के प्राचीन राम मंदिर बड़ा मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर गवोईपुरा, सिद्ध मारुति नंदन मंदिर पाटन देव, पंचमुखी हनुमान राम मंदिर गोपालपुर और सिद्ध दादाजी हनुमान राम-सीता मंदिर गंज बाजार सहित अन्य राम मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। इधर, रामनगर कॉलोनी वार्ड क्रमांक-4 स्थित गायत्री शक्तिपीठ में भी रामनवमी के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजन किए गए। यहां यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ कन्या भोज का आयोजन हुआ।

जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। शहरवासियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ पर्व मनाकर धार्मिक एकता और सांस्कृतिक आस्था का परिचय दिया। रामनवमी के अवसर पर रायसेन में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

#### शुभ संयोग में मनाया त्यौहार

श्री रामनवमी का त्यौहार शुभ संयोग में मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाने शनिवार को खासे शहरवासी उत्साहित रहे। घर दुकानों पर भी भगवा ध्वज लहरा रहे थे। रायसेन शहर भी भगवा मय नजर आया। राम मंदिरों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इसके पूर्व राम मंदिरों में त्योहार को धूमधाम से मनाने आयोजन समितियों ने तैयारियां अच्छी तरह करली थी जगह जगह अखंड रामायण सुंदरकांड आदि के भी आयोजन किए गए।

# वार्ड में कराए जा रहे सड़क व नाली के निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर परिषद नागरिको को बेहतर सुविधाए उपलब्ध कराने के साथ ही आवागमन सहज व सरल, सुलभ बनाने को लेकर संकल्पित है। इसी कड़ी में सड़क, नाली सहित अन्य निर्माण कार्य प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे है। नगर के मॉ शारदा कॉलेज रोड वार्ड नंबर 15 में सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसका स्थल निरीक्षण नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक एवं पार्षद प्रदीप कुशवाहा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि नायक ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए, ताकि आमजन को लंबे समय तक बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और मजबूती प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वार्डवासी भी मौके पर मौजूद रहे



# शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

अंबाडी में रामनवमी के पावन अवसर पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। राम जानकी अयोध्या धाम मंदिर अंबाडी से शाम 4 बजे गाजे-बाजे, ढोल, नगाड़े और डीजे की धुन पर गजेंद्र चौकसे के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।



इस शोभायात्रा में ग्राम अंबाडी के साथ-साथ दीवानगंज, सेमरा सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीण बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

# केवट संवाद और शबरी मिलन ने दर्शकों को किया भावविभोर

### अंबाडी में रामलीला का भावपूर्ण मंचन, भारी संख्या में पहुंच रहे हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

अंबाडी के श्री गणेश चौक सदर बाजार में आयोजित रामलीला के आठवें दिन रात्रि में श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत मंचन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम और केवट के बीच संवाद तथा शबरी मिलन की लीला प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



रामलीला के दौरान केवट प्रसंग में दिखाया गया कि कैसे केवट भगवान श्रीराम के चरण धोकर उन्हें नाव में बैठाने की विनम्र प्रार्थना करता है। यह दृश्य भक्ति, समर्पण और समानता का संदेश देता है, जिसे कलाकारों ने जीवंत अभिनय से साकार किया। वहीं शबरी मिलन प्रसंग में माता शबरी की अटूट भक्ति और भगवान श्रीराम के प्रति उनकी श्रद्धा को दर्शाया गया। शबरी द्वारा प्रेमपूर्वक जूठे बेर खिलाने का प्रसंग दर्शकों के लिए अत्यंत मार्मिक रहा और पूरे वातावरण में भक्ति की भावना फैल गई।

ग्राम अंबाडी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलीला देखने पहुंचे। पूरे आयोजन स्थल पर जय श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में रामलीला के अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का भी मंचन किया जाएगा।

# बिजली के तारों से निकली चिंगारी 10 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक, समय पर नहीं पहुंची दमकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/प्रतापगढ़

तहसील सिलवानी के ग्राम प्रतापगढ में एक किसान की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया। गांव निवासी किसान हाकम सिंह लोधी पिता रामप्रसाद लोधी के खेत के ऊपर से गुजर रही 11 केवी हैवी हाईटेंशन बिजली लाइन से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में करीब 9 से 10 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

बताया जा रहा है कि खेत में फसल पूरी तरह कटाई के लिए तैयार खड़ी थी और किसान को इससे अच्छी पैदावार की उम्मीद थी। लेकिन अचानक लगी आग ने परिवार की आर्थिक उम्मीदों को झुलसा दिया। किसान ने इस फसल के सहारे घर-परिवार की जरूरतें, कर्ज और आगामी खेती की तैयारियों की योजना बना रखी थी।



#### चार-पांच ट्रैक्टरों से बुझाई आग

आग इतनी भीषण थी कि ग्रामीणों को उसे काबू में करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। गांव के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर चार से पांच ट्रैक्टरों की मदद से आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया। काफी देर की जद्दोजहद के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका, वरना आसपास के खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे।

#### आग बुझाते समय भतीजा झुलसा

हादसे के दौरान किसान का भतीजा तरुण लोधी भी आग बुझाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया। परिवार इस समय फसल नुकसान के साथ-साथ युवक के इलाज की चिंता में भी डूबा हुआ है। आग ने केवल गेहूं की फसल ही नहीं, बल्कि खेत में रखे कृषि उपयोग के अन्य सामान को भी भारी नुकसान पहुंचाया। आग की चपेट में आकर करीब 90 पानी के पाइप भी जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। इससे किसान को दोहरी मार झेलनी पड़ी है।

#### समय पर नहीं पहुंची दमकल

ग्रामीणों के अनुसार घटना की सूचना सिलवानी दमकल को दी गई थी, लेकिन समय पर दमकल मौके पर नहीं पहुंच सकी। यदि समय रहते दमकल पहुंच जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। दमकल की अनुपलब्धता ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्र की आपातकालीन व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। पीड़ित किसान हाकम सिंह लोधी ने स्थानीय प्रशासन और तहसीलदार से मांग की है कि मौके पर तत्काल फसल नुकसान का सर्वे कराया जाए और उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाए। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में बिजली लाइनों की नियमित जांच कराई जाए।ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### एलपीजी संकट: बुकिंग के बाद भी शाम तक नहीं मिल रही गैस

# कॉमर्शियल सिलेंडरों के नियम तो बने, डिलीवरी अभी शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में इन दिनों एलपीजी गैस संकट ने आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यापारियों की भी परेशानी बढ़ा दी है। घरेलू और कॉमर्शियल दोनों तरह के सिलेंडरों की समय पर आपूर्ति नहीं होने से शहर की दोनों गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। स्थिति यह है कि उपभोक्ता सुबह से एजेंसी पहुंचकर इंतजार कर रहे हैं। लेकिन कई लोगों को शाम तक भी गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ और अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। बुकिंग कराने के बाद भी रसोई गैस सिलेंडर की डिलीवरी तय समय पर नहीं हो रही। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि ऑनलाइन और फोन से बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर कई दिनों तक नहीं पहुंच रहा। मजबूरी में लोगों को गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



#### नियम तो बनाए पर पालन नहीं

कॉमर्शियल सिलेंडरों को लेकर केंद्र सरकार की ओर से नई गाइड लाइन तो जारी कर दी गई है। लेकिन जमीनी स्तर पर उसका पालन अभी तक शुरू नहीं हो सका है। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट,चाय-नाश्ते की दुकानों और छोटे व्यवसायियों का कहना है कि कॉमर्शियल सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है। कई कारोबारियों को मजबूरी में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

उधर, केंद्र सरकार की नई गाइड लाइन के तहत अब उपभोक्ताओं को 35 दिनों की अवधि में सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू किए जाने की चर्चा है। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि गैस सिलेंडर में केवल 10 किलो एलपीजी गैस उपलब्ध कराए जाने को लेकर भी भ्रम और नाराजगी की स्थिति बनी हुई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि पहले से ही गैस की कमी है, तो कम मात्रा में गैस मिलने से परेशानी और बढ़ जाएगी।

शहर के कई इलाकों में डिमांड के हिसाब से डिलीवरी नहीं हो पा रही है। गैस एजेंसियों के पास बुकिंग का दबाव अधिक है। जबकि सप्लाई सीमित बताई जा रही है। इससे हर दिन सैकड़ों उपभोक्ताओं को निराश लौटना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।


स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित गैस कंपनियों से मांग की है कि जल्द से जल्द आपूर्ति व्यवस्था सुधारी जाए और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

# फिर से बदलेगा मौसम, पश्चिमी विक्षोभ से तपिश पर लगेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मार्च के आखिरी दिनों में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। उत्तर भारत में सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ का असर अब रायसेन जिले में भी दिखाई देने लगा है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर के अनुसार, महीने के अंतिम सप्ताह में आसमान में बादलों का डेरा रहेगा और जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश या गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। मार्च महीने में तेजी से बढ़ते तापमान पर बीते सप्ताह हुई बेमौसम बारिश , हल्की ओला वृष्टि ने कुछ हद तक ब्रेक लगाया था।लेकिन अब एक बार फिर पारा 35 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसे में अंतिम दिनों में बादल और बूंदाबांदी लोगों को गर्मी से राहत दे सकती है।



मौसम वैज्ञानिक डॉ तोमर के मुताबिक, एक के बाद एक सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ और हवाओं की दिशा में बदलाव के कारण वातावरण में नमी बढ़ रही है। 29 मार्च से एक नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है, जिसका प्रभाव 30 और 31 मार्च तक बना रह सकता है। इस दौरान अरब सागर से आ रही नमी के कारण बादलों की आवाजाही बढ़ेगी। जिससे दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए कृषि विशेषज्ञों डॉ स्वनिल दुबे ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। वर्तमान में जिले में रबी फसलों गेहूं चना की कटाई और थ्रेशिंग का कार्य चल रहा है।